# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने चक्रधर समारोह का किया शुभारंभ रायगढ़ में की संगीत महाविद्यालय की स्थापना की घोषणा

## संगीत सम्राट महाराज चक्रधर सिंह ने शास्त्रीय कला संगीत को दी विश्व में नई पहचान : मुख्यमंत्री विष्णु देव साय

रायगढ़





संगीत एवं कलाधानी नगरी रायगढ़ में आज 39 वें चक्रधर समारोह का भव्य एवं रंगारंग आगाज हुआ। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 10 दिन तक चलने वाले इस समारोह का विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि संगीत सम्राट महाराज चक्रधर ने शास्त्रीय कला संगीत को विश्व में एक नई पहचान दिलाई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गारंटी को सायं-सायं पूरा कर रही है। उन्होंने प्रदेश के किसानों, गरीबों सहित सभी वर्गों का आश्वस्त करते हुए कहा कि उनकी सरकार राज्य के प्रगति के लिए पूरी प्रतिबद्धता से काम कर रही है। उन्होंने स्थानीय कला संस्कृति के साथ-साथ पारंपरिक विरासत को सहेजने के लिए हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। उन्होंने इस मौके पर रायगढ़ में संगीत महाविद्यालय प्रारंभ करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने संगीत और कला के क्षेत्र में योगदान देने वाले संगीत के मर्मज्ञ विद्वतजनों को नमन किया। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर रायगढ़ के शैल चित्रों पर आधारित अभिलेखीकरण पुस्तिका एवं चक्रधर समारोह की परिचय पुस्तिका का विमोचन किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर पत्रकार विनय पाण्डेय द्वारा ब्राम्हीलिपि एवं खरोष्ठी लिपि में अनुसंधान पर आधारित कॉफी टेबल बुक का भी विमोचन किया। पाण्डेय द्वारा इस मौके पर मुख्यमंत्री को ब्राम्ही लिपि में लिखी नाम पट्टिका भेंट की गई।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि विगत पांच सालों में चक्रधर समारोह का आयोजन फीका पड़ गया था, अब रायगढ़ के विधायक और हमारे सरकार में वित्त मंत्री ओपी चौधरी की पहल से चक्रधर समारोह के आयोजन को और बेहतर तथा भव्य स्वरूप दिया गया है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ को प्रकृति ने भरपूर खनिज संपदा से नवाजा है। यहां हीरा, कोयला, लोहा का भरपूर भंडार है, यहां की धरती में भरपूर उर्वरा शक्ति है। मेहनतकश किसान और हम सब मिलकर छत्तीगसढ़ को कृषि प्रदेश बनाने की दिशा में कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने किए गए वायदे के अनुरूप प्रदेश के किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल 3100 रूपए के भाव से खरीदने का वायदा पूरा किया। तेन्दूपत्ता का पारिश्रमिक दर प्रति मानक बोरा 4000 रूपए से बढ़ाकर 5500 रूपए किया गया। महतारी वंदन योजना के तहत 70 लाख से अधिक माताओं-बहनों को उनके खाते में राशि अंतरित करने का काम कर रही है। श्रीरामलला दर्शन योजना से यहां के लोगों को प्रभु श्रीराम का दर्शन करने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने अभी दो दिन पहले ही छत्तीसगढ़ को साढ़े आठ लाख से अधिक परिवारों के लिए प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति प्रदान की है, हम इसके लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित करते हैं। मुख्यमंत्री साय ने चक्रधर समारोह को नये स्वरूप में भव्य और आकर्षक रूप में आयोजित करने के लिए संस्कृति एवं पर्यटन विभाग को बधाई दी।

कृषि विकास एवं किसान कल्याण मंत्री रामविचार ने कहा कि महाराज चक्रधर ने रायगढ़ घराना के कला संगीत को संजोकर रखा है। उन्होंने कला संगीत को देश और दुनिया में एक नई ऊंचाई देने का काम किया है। उनके इस योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि सम्राट चक्रधर शास्त्रीय कला संगीत के साथ-साथ स्थानीय कलाकारों को मंच प्रदान कर कला संस्कृति को एक नया आयाम दिया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश की कला संस्कृति, यहां की विरासत के संरक्षण और संवर्धन के लिए तत्परता से काम कर रही है।

वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने चक्रधर समारोह के शुभारंभ समारोह को संबोधित करते हुए कहा चक्रधर समारोह को एक भव्य तरीके से आयोजित किया जाएगा और आज उसे जिला प्रशासन, संस्कृति विभाग और पर्यटन विभाग के सहयोग से आज भव्य स्वरूप में आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन में देश के प्रतिष्ठित आठ पद्मश्री कलाकार भाग लेने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि चक्रधर समारोह की महत्ता अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि देश के विभिन्न प्रांतों के नामी-गिनामी कलाकार यहां अपनी प्रस्तुति देने की अभिलाषा रखते हैं। उन्होंने इस भव्य आयोजन के लिए जिला प्रशासन सहित आयोजकों को बधाई और शुभकामनाएं दी।

इस मौके पर राज्यसभा सांसद कुंवर देवेन्द्र प्रताप सिंह, रायगढ़ सांसद राधेश्याम राठिया, राजपरिवार के उर्वशी सिंह, बिजया सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।

### अभिनेत्री हेमा मालिनी द्वारा भरतनाट्यम पर रासबिहारी नृत्य नाटिका की दी गई शानदार प्रस्तुति

**रायगढ़ ।** चक्रधर समारोह में प्रख्यात अभिनेत्री, नृत्यांगना एवं सांसद हेमा मालिनी एवं उनकी टीम द्वारा भरतनाट्यम पर रासबिहारी नृत्य नाटिका की शानदार प्रस्तुति दी। नृत्य नाटिका रासबिहारी की मनमोहक प्रस्तुति से कलाप्रेमी और दर्शक मंत्रमुग्ध हो उठे। इस प्रस्तुति के बीच में कई प्रसंगों के मध्य दर्शकों ने जोरदार तालियां बजाकर कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। हेमा मालिनी और उनकी टीम द्वारा प्रस्तुत रासबिहारी नृत्य नाटिका भगवान श्रीकृष्ण की रासलीला, आराधना, संयोग-वियोग के प्रसंग दर्शकों को अभिभूत कर गए।

### 8 सितम्बर को पद्मश्री रंजना गौहर एवं पूर्णाश्री राउत ओडिसी पर देंगी प्रस्तुति, ए.मंदाकिनी स्वैन-शास्त्रीय गायन एवं सौगत गांगुली का होगा सरोद वादन

39 वां चक्रधर समारोह के द्वितीय दिवस 8 सितम्बर को विजय शर्मा, रायगढ़ लोक गायन एवं वाणी राव, भोपाल शास्त्रीय गायन पर प्रस्तुति देंगी। इसी तरह पूर्णाश्री राउत, रायपुर द्वारा ओडिसी, दीपान्निता सरकार, दिल्ली द्वारा कथक, पद्मश्री रंजना गौहर, दिल्ली द्वारा ओडिसी, ए.मंदाकिनी स्वैन, दिल्ली द्वारा शास्त्रीय गायन एवं सौगत गांगुली, कोलकाता सरोद वादन पर अपनी प्रस्तुति देंगे।



## महत्वपूर्ण एवं खास

### जवाहर नवोदय विद्यालय के कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु 16 सितंबर तक आवेदन आमंत्रित

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए जवाहर नवोदय विद्यालयों के कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए विद्यार्थियों से 16 सितंबर 2024 तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया गया है। विद्यार्थी नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट नवोदय डॉट जीओवी डॉट इन https://navodaya.gov.in में जाकर आवेदन कर सकते है। ऑनलाइन आवेदन के पश्चात प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 18 जनवरी 2025 को आयोजित किया जाएगा। आवेदन सिर्फ ऑनलाइन माध्यम में आमंत्रित है। विद्यार्थी किसी सरकारी या सरकारी मान्यता प्राप्त स्कूल में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में कक्षा 5वीं में पढ़ रहा हो। अभ्यर्थी का जन्म 01 मई 2013 से 31 जुलाई 2015 के बीच का होना चाहिए। अभ्यर्थी यदि कक्षा 3, 4, 5 वीं मे से किसी भी कक्षा में शहरी क्षेत्र के विद्यालय में अध्ययनरत रहता है, तो वह शहरी क्षेत्र का अभ्यर्थी माना जाएगा।

### वनरक्षक भर्ती के लिखित परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 8 सितम्बर

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** वनरक्षक भर्ती में शारीरिक दक्षता परीक्षण उत्तीर्ण कर लिए अभ्यर्थियों को अब लिखित परीक्षा के लिए व्यापम की वेबसाइट में 8 सितम्बर 2024 को रात्रि 11.59 बजे तक फॉर्म भरना होगा और परीक्षा के लिए जिले का चयन करना होगा, जिसके आधार पर वन विभाग अभ्यर्थी को लिखित परीक्षा में शामिल होने के लिए पत्र जारी करेगा। इस परीक्षा की संभावित तिथि 22 सितम्बर 2024 है। ऐसे अभ्यर्थी जो व्यापम की वेबसाइट में पंजीयन नहीं करेंगे उन्हें वन विभाग के कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार लिखित परीक्षा से वंचित माना जाएगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी अभ्यर्थी के स्वयं की होगी। इस संबंध में कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा। अभ्यर्थी द्वारा पूर्व में जमा किए गए ऑनलाइन आवेदन पत्र में किसी भी तरह का सुधार या संशोधन किए जाने की अनुमति नहीं होगी।

### बाइक सवार युवक मोबाइल छीनकर भागा

**रायपुर (आरएनएस)।** मधु वैभव स्वीटस के पास बाइक सवार पैदल जा रहे युवक के हाथ से मोबाइल छीनकर भाग निकला। प्रार्थी की शिकायत पर कबीरनगर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार अभिषेक बावनगर 37 वर्ष सुभरन नगर अमलेश्वर का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी पैदल कहीं जा रहा था, तभी मधु स्वीट्स के पास बाइक क्रमांक सीजी 04 एचपी 9576 सवार युवक ने प्रार्थी के हाथ से मोबाइल छीनकर भाग निकला। प्रार्थी की शिकायत पर कबीरनगर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## छत्तीसगढ़ में स्वाइन फ्लू का प्रकोप जारी, 14 नए मरीज मिले, अब तक 17 लोगों की मौत

रायपुर । आरएनएस

छत्तीसगढ़ में स्वाइन फ्लू का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है. प्रदेश भर में फिर से 14 नए स्वाइन फ्लू के मरीजों की पुष्टि हुई है. इनमें रायपुर से 10, बीजापुर, धमतरी, महासमुंद और सारंगढ़ से एक-एक मरीज शामिल हैं. प्रदेश में स्वाइन फ्लू से अब तक 17 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि कुल 316 पॉजिटिव मरीज पाए गए हैं. फिलहाल, 112 मरीज विभिन्न अस्पतालों में भर्ती हैं, जहां उनका इलाज जारी है. वहीं 13 मरीज घर से ही होम आइसोलेशन में इलाज करवा रहे हैं.

प्रदेश हॉट स्पॉट बिलासपुर जिला बना हुआ है. बिलासपुर स्वाइन फ्लू के अब तक 108 मरीज मिल चुके हैं. वहीं रायपुर में 85, दुर्ग में 26, जांजगीर में 20, और कोरबा में 26 मरीज मिले हैं. सभी सक्रमित मरीजों का अस्पताल में इलाज चल रहा है.

### स्वाइन फ्लू फैलने का मुख्य कारण

डॉक्टरों के मुताबिक फ्लू इन्फ्लूएंजा वायरस के कारण होता है. ज्यादातर लोगों को फ्लू तब होता है जब वे फ्लू से पीड़ित किसी व्यक्ति की खांसी या छींक से निकलने वाली छोटी-छोटी हवा में मौजूद बूंदों को सांस के जरिये अंदर लेते हैं. अगर आप वायरस वाली किसी चीज को छूते हैं और फिर अपने मुंह, नाक या आंखों को छूते हैं, तो भी आपको फ्लू हो सकता है.

## छत्तीसगढ़ को मिलने वाली है नई वंदेभारत, लंबे समय से चल रही मांग होगी पूरी : दुर्ग से विशाखापट्टनम जाने के लिए होगी यह दूसरी सीधी ट्रेन



रायपुर । आरएनएस

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोन के रायपुर रेल मंडल को एक नई वंदेभारत ट्रेन मिल सकती है. रेलवे के वरिष्ठ सूत्रों के मुताबिक दुर्ग से विशाखापट्नम के लिए ये नई ट्रेन को पीएम मोदी हरी झंडी दिखा सकते है. रायपुर रेल मंडल के वरिष्ठ आधिकारिक सूत्रों ने इसकी पुष्टि करते है हुए कहा है कि इसकी तैयारियां करने के मौखिक निर्देश दे दिए गए है. लेकिन आधिकारिक आदेश न निकलने की बात अधिकारी कह रहे है.

वहीं दुर्ग रेलवे स्टेशन में भी अधिकारियोंने 12 सिंतबर को इस ट्रेन के चलने की तैयारी शुरू कर दी है और सूत्रों का कहना है कि ट्रेन के रैक 10 या 11 को दुर्ग पहुंच सकते है. दुर्ग से विशाखापट्टनम जाने के लिए यह दूसरी सीधी ट्रेन होगी. अभी तक दुर्ग-विशाखापट्टनम् वाल्टेयर एक्सप्रेस ही एक ट्रेन थी, जो सीधे विशाखापट्टनम जाती थी. वहीं, वंदे भारत एक्सप्रेस शुरू होने के बाद अब लोगों को दुर्ग से विशाखापट्टनम के लिए एक और नई ट्रेन मिल जाएगी.

### ट्रेन के स्टॉपेज

यह ट्रेन दुर्ग से रायपुर रेलवे स्टेशन, लखोली, महासमुंद, खरियार-रोड, कांटा-भांजी, टिटलागढ़, सिंगापुर-रोड, रायगड़ा, पार्वतीपुरम् और विजयानगरम रेलवे स्टेशन पर रुकते हुए विशाखापट्टनम रेलवे स्टेशन पहुंचेगी.

### दुर्ग में ही होगा रख-रखाव

रेलवे सूत्रों के मुताबिक इस ट्रेन का रख-रखाव और मेंटेनेंस का काम दुर्ग रेलवे स्टेशन के कोचिंग यार्ड में बने कंपोजिट पिट में किया जाएगा. दुर्ग में इसके लिए पूरी व्यवस्था भी कर दी गई है.

## छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के सभी जिला न्यायालयों में शुरू हुआ आनलाईन आरटीआई वेब पोर्टल

बिलासपुर । आरएनएस



पारदर्शिता व नागरिकों तथा वादकारियों को सुविधा प्रदान करने व सशक्त बनाने की दिशा में एक नए अध्याय की शुरूवात करते हुए छत्तीसगढ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा ने गुरुवार को उच्च न्यायालय तथा राज्य के समस्त जिला न्यायालयों के लिए 'आनलाईन आर.टी.आई वेब पोर्टल' का शुभारंभ किया। इस पोर्टल के माध्यम से सूचना के अधिकार के तहत् आवेदनों को प्रस्तुत किया जा सकता है और उन्हें रियल टाईम ट्रैक किया जा सकता है और इसके माध्यम से सूचना के अधिकार के तहत् लगने वाले शुल्क का भुगतान भी किया जा सकता है। इस आरटीआई. वेबपोर्टल के माध्यम से दुनिया के किसी भी स्थान से सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया जा सकेगा।

इस वेब पोर्टल के शुभारंभ सत्र को संबोधित करते हुए मुख्य न्यायाधिपति न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा ने व्यवत किया कि यह आनलाईन पोर्टल पारदर्शिता, जवाबदेही व नागरिक सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। मुख्य न्यायाधिपति ने यह भी व्यवत किया कि इस वेबपोर्टल का उद्देश्य है कि नागरिकों को सूचना प्राप्त करने की प्रक्रिया को अधिक प्रभावी, पारदर्शी व सुलभ बनाना है।

यह वेबपोर्टल एक केन्द्रीय प्लेटफार्म की तरह कार्य करेगा जहां नागरिक सूचना के अधिकार के तहत् आवेदन को प्रस्तुत कर सकेंगे और उसके प्रगति को ट्रैक कर सकेंगे और सूचना प्रदान करने वाले अधिकारी की प्रतिक्रियाओं को तत्काल जान सकेंगे और यदि असंतुष्ट हैं तो अपील कर सकेंगे।

## एम्स रायपुर भर्ती 2024, 82 पदों के लिए आवेदन शुरू

रायपुर । आरएनएस

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) रायपुर ने वॉक-इन-इंटरव्यू के माध्यम से विभिन्न विभागों में सीनियर रेजिडेंट (गैर शैक्षणिक) के पदों के लिए 82 रिक्तियों को भरने के लिए अधिसूचना जारी की है।

योग्य और इच्छुक उम्मीदवार एम्स की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। वॉक-इन-इंटरव्यू शुक्रवार, 23 अगस्त को पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर आयोजित किया जाएगा। हालांकि, अगले वॉक-इन-इंटरव्यू की तारीख एम्स रायपुर की आधिकारिक वेबसाइट पर घोषित की जाएगी।

एम्स रायपुर भर्ती 2024: ग्रेड पे स्नातकोत्तर चिकित्सा डिग्री, अर्थात। मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से संबंधित विषय में एमडी/एमएस/डीएनबी/डिप्लोमा, चयनित होने पर ज्वाइन करने से पहले डीएमसी/डीडीसी/एमसीआई/राज्य पंजीकरण अनिवार्य है। एम्स रायपुर भर्ती 2024: पदों की संख्या अनारक्षित: 17 अन्य पिछड़ा वर्ग: 29 अनुसूचित जाति: 22 अनुसूचित जनजाति: 08 आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग: 06 (पीडब्ल्यूबीडी के 3 पदों सहित) उम्मीदवारों को सुबह 09.30 बजे से 10.30 बजे के बीच रिपोर्ट करना आवश्यक है।

आधिकारिक अधिसूचना में लिखा है: आयु और अन्य योग्यता/अनुभव वॉक-इन-इंटरव्यू की तिथि के अनुसार गिने जाएंगे।

एम्स रायपुर पोस्ट ग्रेजुएट जूनियर रेजिडेंट जिन्होंने अंतिम परीक्षा उत्तीर्ण की है और जिनका कार्यकाल 10.09.2024 को या उससे पहले पूरा हो जाएगा, वे पदों के लिए आवेदन करने के पात्र हैं। एम्स रायपुर भर्ती 2024: आवेदन शुल्क सामान्य, ओबीसी और ईडब्ल्यूएस श्रेणी के उम्मीदवारों को 1,000 रुपये का भुगतान करना होगा। हालांकि, महिलाओं, एससी, एसटी, पीडब्ल्यूबीडी और भूतपूर्व सैनिकों को कोई आवेदन शुल्क नहीं देना होगा।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रायगढ़ में प्रयास आवासीय विद्यालय का किया उद्घाटन

### मुख्यमंत्री ने कहा शिक्षा के बिना जीवन अधूरा

रायगढ़





मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज रायगढ़ जिले के गढ़उमरिया में शासकीय प्रयास आवासीय विद्यालय का विधिवत शुभारंभ करते हुए विद्यार्थियों को आह्वान किया कि वह जीवन में सफलता के लिए बड़े सपने देखे और उसको साकार करने के लिए पूरे मनोयोग से जुट जाएं। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर सभी को गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि रायगढ़ जिले का यह प्रयास आवासीय विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में मिसाल कायम करेगा। इस मौके पर कृषि मंत्री एवं रायगढ़ जिले के प्रभारी मंत्री राम विचार नेताम, वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी, राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह, लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है। छत्तीसगढ़ में विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा मिले और वह आगे बढ़े, इसको लेकर हमारी सरकार लगातार प्रयास कर रही है। शिक्षा के नित नए संस्थान प्रारंभ किए जा रहे है। रायगढ़ में प्रयास आवासीय विद्यालय का शुभारंभ भी हमारे इन्हीं प्रयासों की एक कड़ी है। हमने राज्य में नई शिक्षा नीति 2020 को लागू किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी पूरे देश में शिक्षा व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए प्रयासरत है। पीएम स्कूल योजना के माध्यम से शैक्षणिक व्यवस्था को बेहतर बनाया जा रहा है। राज्य में 263 स्कूलों को पीएमश्री योजना में शामिल किया गया है। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर प्रयास आवासीय विद्यालय के प्रवेशित विद्यार्थियों को शैक्षणिक सामग्री का भी वितरण किया।

इस अवसर पर कृषि मंत्री राम विचार नेताम ने कहा कि राज्य के नौनिहाल पीढ़ी के भविष्य निर्माण हेतु छत्तीसगढ़ सरकार बेहतर व्यवस्था कर रही है। गणेश चतुर्थी के दिन प्रयास विद्यालय का उद्घाटन हमारे लिए मिसाल है। इसका लाभ इस जिले के विद्यार्थियों को मिलेगा। उन्होंने कहा कि बोर्ड की परीक्षा में प्रयास विद्यालय के 7 बच्चें टॉप किए हैं। जीवन लक्ष्य को हासिल करने के लिए उन्होंने विद्यार्थियों से निरंतर प्रयास करने का आह्वान किया।

वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार एवं केन्द्र सरकार के समन्वित प्रयासों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हम सब के लिए यह गर्व का विषय है कि छत्तीसगढ़ का रायपुर देश का इकलौता शहर है जहां एनआईटी, एम्स, आईआईटी, ट्रिपलआईटी, एचएनएलयू, मेडिकल कॉलेज, आईआईएम जैसे महत्वपूर्ण संस्थान है।

गौरतलब है कि शिक्षा के क्षेत्र में उच्च स्तरीय गुणवत्ता तथा उत्कृष्टता का प्रतीक माने जाने वाले प्रयास आवासीय विद्यालय की स्थापना शिक्षा सत्र 2024-25 अंतर्गत रायगढ़ जिले में की गई है। यह विद्यालय गढ़उमरिया स्थित लाइवलीहुड कॉलेज के भवन में संचालित होने जा रहा है। विद्यालय में प्रवेश हेतु राज्य स्तर पर की गई काउंसलिंग पश्चात कुल 96 विद्यार्थियों में 49 बालक एवं 47 बालिकाओं को प्रवेश दिया गया है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480